अपने करियर में मैं बस यही चाहता था कि अपना सब कुछ लगा दूं, कोई पछतावा न रहे, हमेशा संघर्ष करता रहूं और हर मुकाबले में अपना 100 प्रतिशत दूं। यह मैंने हमेशा खुद के सम्मान, प्रतिद्वंद्वी, टूर्नामेंट, प्रशंसकों और सभी के प्रति सम्मान के लिए किया। **– स्टेन वावरिंका**

स्विट्जरलैंड के टेनिस खिलाड़ी, अपने संन्यास को लेकर।

आज का खिलाड़ी

नीरज यादव

एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नीरज यादव ने कथित तौर पर अपने घर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। उनके आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। भारतीय पैरा-एथलेटिक्स टीम के मुख्य कोच एस सत्यनारायण ने कहा कि 2023 के हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों के बाद डोपिंग मामला सामने आने के बाद से वह यादव के संपर्क में थे। सत्यनारायण ने कहा, "डोपिंग मामले के बाद वह काफी तनाव में थे। उन्हें चार साल के लिए निलंबित किया गया था।

क्या आप जानते हैं ?... 1983 विश्व कप : मैन ऑफ द मैच (फाइनल) : मोहिंदर अमरनाथ (उन्होंने 26 रन बनाए और 3 विकेट लिए)।

डीएस अकादमी की शानदार जीत

जयपुर, 28 अक्टूबर। सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे प्रथम कर्नल बिशन सिंह राठौड़ क्रिकेट टूर्नामेंट में डीएस क्रिकेट अकादमी ने रमन स्कूल को शानदार अंदाज में हराया। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रमन स्कूल की टीम 36.4 ओवर में 134 रन पर ऑलआउट हो गई। प्रियांशु सैनी ने 71 रन बनाए। डीएस क्रिकेट अकादमी की ओर से चिन्मय ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीएस क्रिकेट अकादमी ने शिफॉन खान के नाबाद 81 और तनवीर के 48 रन की बदौलत महज 10.1 ओवर में जीत हासिल कर ली। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 136 रन की अविजित साझेदारी की। यशवर्धन बिश्नोई को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

राजस्थान यूनाइटेड एफसी से जुड़े घाना के फॉरवर्ड इवांस ओसेई-वुसु

जयपुर, 28 अक्टूबर। राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने आगामी 2026-27 सीजन के लिए घाना के 25 वर्षीय फॉरवर्ड इवांस ओसेई-वुसु के साथ करार किया है। उनके टीम से जुड़ने से क्लब की आक्रामक पंक्ति को मजबूती मिलने की उम्मीद है। ओसेई-वुसु इससे पहले घाना की फुटबॉल लीग में खेल चुके हैं और घाना की अंडर-23 टीम का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। क्लब में शामिल होने पर ओसेई-वुसु ने कहा कि वह राजस्थान यूनाइटेड एफसी के साथ नए सफर को लेकर उत्साहित हैं। उनका लक्ष्य टीम को सुपर लीग के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करना और सीजन के शीर्ष गोल स्कोररों में जगह बनाना है। उन्होंने टीम के लिए कड़ी मेहनत करने और समर्थकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का भरोसा जताया। राजस्थान यूनाइटेड एफसी के चेयरमैन कृष्ण कुमार टाक ने नए खिलाड़ी का स्वागत करते हुए कहा कि ओसेई-वुसु की प्रतिभा, अनुभव और आक्रामक क्षमता टीम के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी आगामी सीजन में क्लब के लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



अंडर-17 मरुधर क्रिकेट कप : एमबी क्रिकेट क्लब 36 रन से जीता

जयपुर, 28 अक्टूबर। मरुधर क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित द्वितीय अंडर-17 मरुधर क्रिकेट कप में एमबी क्रिकेट क्लब ने जयपुर स्पोर्ट्स को 36 रन से हराया। एमबी क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में एक विकेट पर 314 रन बनाए। एमबी क्रिकेट क्लब की ओर से रमन चौधरी ने 189 रन और राजवर्धन सिंह तंवर ने 105 रन की शानदार पारियां खेलीं। जयपुर स्पोर्ट्स की ओर से मोहित कुमार ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जयपुर स्पोर्ट्स की टीम 40 ओवर में नौ विकेट पर 278 रन ही बना सकी। वरुण ने 150 रन, पार्थ ने 46 और सुभान पठान ने 25 रन बनाए। एमबी क्रिकेट क्लब की ओर से गुणवंश निर्वाण और उज्ज्वल चौधरी ने तीन-तीन विकेट, जबकि विशाल चौधरी ने दो विकेट लिए।

अंडर-14 मानसून कप : आरसीसी क्रिकेट अकादमी की बड़ी जीत

जयपुर, 28 अक्टूबर। अंडर-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने मिनर्वा क्रिकेट क्लब को हराकर शानदार जीत दर्ज की। आरसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.5 ओवर में 290 रन बनाए। मोहक शर्मा ने 113 रन की शतकीय पारी खेली। मिनर्वा की ओर से निकिता शेखावत, कुंज और हर्ष सोनी ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मिनर्वा क्रिकेट क्लब की टीम 20 ओवर में 70 रन पर ऑलआउट हो गई। मिहित भाटिया ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। आरसीसी की ओर से विराज कोठारी ने पांच और रेहान लुणावत ने तीन विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। शानदार शतक लगाने वाले मोहक शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

यूथ कप अंडर-14 : राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी 22 रन से जीती

जयपुर, 28 अक्टूबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी ने संस्कार एकेडमी को 22 रन से हराया। संस्कार ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी की टीम 39.4 ओवर में 118 रन पर ऑलआउट हो गई। सूर्यवीर सिंह ने नाबाद 41, अभिनव शर्मा ने 15, वैभव सैनी ने 16 और अथर्व ने 10 रन बनाए। संस्कार एकेडमी की ओर से रिदिमा शेखावत ने चार, दक्ष सेन ने दो और ईसान सैनी ने एक विकेट लिया। जवाब में संस्कार एकेडमी की टीम 47.2 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। रिदिमा शेखावत ने 19, आरव खंडेलवाल ने 14 और पृथ्वीराज ने 12 रन बनाए। राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी की ओर से राजवंश राठौर, अभिनव शर्मा और सूर्यवीर सिंह ने दो-दो विकेट लिए, जबकि शुभांशु, वैभव सैनी और हनु कटारिया ने एक-एक विकेट हासिल किया।

चोट के कारण कनाडा महिला ओपन से हटी अनाहत सिंह

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह चोट के कारण कनाडा महिला ओपन 2026 से हट गई हैं। उन्हें आज बुधवार को टोरंटो में होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त मिस्र की फैरूज अबोएलखैर से भिड़ना था। अनाहत के हटने से अबोएलखैर को बिना खेले सेमीफाइनल में जगह मिल गई है। अठारह वर्षीय अनाहत ने सोमवार को खेले गए मुकाबले में ब्रिटेन की सारन न्घिएम को 11-6, 4-11, 11-5, 11-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी।

वैष्णवी की फिरकी में फंसा जिम्बाब्वे, भारत ने वनडे श्रृंखला में किया 3-0 से क्लीन स्वीप

वडोदरा, 28 अक्टूबर। वैष्णवी शर्मा की पांच विकेट की शानदार गेंदबाजी और प्रतिका रावल व शेफाली वर्मा के नाबाद अर्धशतकों की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को 131 रन पर समेटने के बाद लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आई। सायली सतघरे ने दूसरे ओवर में लॉरीन फिरी को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके अगले ओवर में क्रांति गौड़ ने चिपो मुगेरी-तिरिपानो को चार रन पर पवेलियन भेज दिया। वैष्णवी शर्मा ने बेलव्ड बीजा को एक रन पर आउट कर जिम्बाब्वे को तीसरा झटका दिया। इसके बाद उन्होंने 27 रन की साझेदारी तोड़ते हुए सलामी बल्लेबाज मोडेस्टर मुपाचिक्वा को 37 रन के निजी स्कोर पर स्टंप आउट कराया।

जिम्बाब्वे की कप्तान जोसेफिन नोकोमो ने पारी संभालने का प्रयास किया। उन्होंने चिएद्जा धुरुरु के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 रन जोड़े। धुरुरु ने 39 गेंदों पर 20 रन बनाए। हालांकि, वैष्णवी ने मध्यक्रम को ध्वस्त करते हुए अपने पांच विकेट पूरे किए और जिम्बाब्वे की पारी 39.5 ओवर में 131 रन पर समेट दी। सायली सतघरे और क्रांति गौड़ ने भी दो-दो विकेट लिए।

प्रतिका और शेफाली ने दिलाई आसान जीत

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को पहली ही गेंद पर झटका लगा। नोमवेलो सिबांडा ने यास्तिका भाटिया को फ्रांसिस्का चिपारे के हाथों कैच करा दिया। इसके बाद हरलीन देओल ने 19 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 19 रन बनाए, लेकिन लॉरीन फिरी ने उन्हें आउट कर भारत का स्कोर दो विकेट पर 44 रन कर दिया। इसके बाद प्रतिका रावल और शेफाली वर्मा ने मोर्चा संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 74 रन की साझेदारी कर भारत को जीत तक पहुंचा दिया। प्रतिका 59 रन बनाकर नाबाद रहीं, जबकि शेफाली ने नाबाद 51 रन बनाए। शेफाली ने छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और भारत को जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने एकदिवसीय श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली।

प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से बाहर, आकिब नबी को मिल सकता है मौका



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहने के कारण चार नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की एकदिवसीय शृंखला में नहीं खेल पाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेले गए पहले अनौपचारिक चार दिवसीय मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और प्रसिद्ध की जगह उन्हें मौका मिलने की संभावना है। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे शृंखला के दौरान दूसरे मैच में प्रसिद्ध कृष्णा की हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। गुवाहाटी में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने पांच ओवर में 45 रन देकर एक विकेट लिया था। चोट के कारण वह अपना स्पेल पूरा नहीं कर सके थे। तीस वर्षीय प्रसिद्ध ने अब तक नौ टेस्ट और 30 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उन्हें फिटनेस साबित करने की शर्त पर न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे टीम में शामिल किया गया था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, प्रसिद्ध अच्छी तरह से उबर रहे हैं। एक नवंबर और दो नवंबर को बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में उनका मैच सिमुलेशन (मैच की तरह परिस्थितियां तैयार करना) और फिटनेस टेस्ट होना है। सूत्र ने कहा, "टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयन समिति का मानना है कि प्रसिद्ध को टेस्ट क्रिकेट के लिए पूरी तरह फिट होना चाहिए, जहां उनकी जरूरत वनडे की तुलना में अधिक है।" सूत्र ने कहा, अगर स्पोर्ट्स साइंस टीम उन्हें फिट घोषित भी कर देती है और वह ऑकलैंड रवाना हो जाते हैं, तो लंबी हवाई यात्रा के बाद उन्हें तुरंत वनडे टीम की योजनाओं में शामिल करने की जल्दबाजी नहीं की जाएगी।

राखी राठौड़ बनी 'राजस्थान क्वींस' की ब्रांड एंबेसडर

जयपुर, 28 अक्टूबर। भाजपा महिला मोर्चा की राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ को राजस्थान की महिला वॉलीबॉल टीम 'राजस्थान क्वीन्स' का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। उन्होंने इस अवसर पर टीम प्रबंधन और खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजस्थान क्वीन्स के टीम ओनर राजू जाट, टीम मेंटर हीरानंद कटारिया तथा टीम की आइकन एवं कप्तान आयुषी भंडारी उपस्थित रहीं। टीम प्रबंधन ने राखी राठौड़ का स्वागत किया।

राखी राठौड़ ने कहा कि बेटियों को खेलों में पर्याप्त अवसर और प्रोत्साहन देना समाज की साझा जिम्मेदारी है। खेलों से बेटियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है।

चूरू बना राज्य स्तरीय महिला हॉकी चैम्पियन

सादुलपुर (चूरू), 28 अक्टूबर। हॉकी राजस्थान के तत्वावधान में सादुलपुर में आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का खिताब चूरू ने जीत लिया। फाइनल मुकाबले में चूरू ने हनुमानगढ़ को 1-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में जयपुर ने टोंक को 3-1 से पराजित किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि हॉकी इंडिया के एग्जीक्यूटिव बोर्ड सदस्य अरुण कुमार सारस्वत ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पदक और ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने कहा कि हॉकी इंडिया जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने खिलाड़ियों से राजस्थान में हॉकी को और अधिक बढ़ावा देने तथा खेल के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हॉकी राजस्थान के महासचिव देवेन्द्र सिंह शेखावत ने की। इस अवसर पर हॉकी चूरू के अध्यक्ष एवं भामाशाह सचिन पांडिया तथा वरिष्ठ कोच नन्द कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

जयपुर बालिका कबड्डी लीग में झोटवाड़ा चैम्पियन

जयपुर, 28 अक्टूबर। जिला प्रशासन की ओर से पंच गौरव कार्यक्रम के तहत आयोजित जिला स्तरीय 'जयपुर बालिका कबड्डी लीग' में झोटवाड़ा की टीम विजेता और चाकसू की टीम उपविजेता रही। चौगान स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 9 तक की छात्राओं की 23 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिले के 23 ब्लॉकों की लगभग 300 छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मोमेंटो प्रदान किए गए। साथ ही सभी खिलाड़ियों को कबड्डी की पोशाक वितरित की गई। प्रतिभागियों के लिए नाश्ते और भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर संयुक्त सांख्यिकी अधिकारी बाबूलाल मीणा, जिला खेल अधिकारी मानसिंह और कबड्डी कोच शशि शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और कबड्डी को बढ़ावा देना था।

नेशनल स्क्वॉस के फाइनल में राजस्थान के चार खिलाड़ी

गौरवी, इनाया, युवान और दिव्यांशी खिताबी मुकाबले में; अंडर-11 गर्ल्स में राजस्थान के दो पदक पक्के

जयपुर, 28 अक्टूबर। सवाई मानसिंह स्टेडियम के स्क्वॉश कोर्ट्स पर खेली जा रही सब जूनियर एवं जूनियर नेशनल स्क्वॉश चैंपियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार फाइनल में जगह बनाई। गौरवी अजमेरा, इनाया अन्द्रावी, युवान वर्मा और दिव्यांशी जैन अपने-अपने आयु वर्ग के खिताबी मुकाबलों में खेलेंगे।

अंडर-11 गर्ल्स वर्ग में राजस्थान के दोनों खिलाड़ी फाइनल में आमने-सामने होंगे, जिससे राज्य के स्वर्ण और रजत पदक सुनिश्चित हो गए हैं। बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल में अंडर-11 गर्ल्स वर्ग में गौरवी अजमेरा ने झारखंड की अविशा अग्रवाल को 9-11, 11-4, 11-6, 1-11, 12-10 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, इनाया अन्द्रावी ने हरियाणा की दूसरी वरीयता प्राप्त अवनी नंदल को 4-11, 11-8, 11-4, 6-11, 11-9 से पराजित किया। अब दोनों राजस्थान की खिलाड़ियों के बीच खिताबी मुकाबला होगा।

अंडर-11 बॉयज वर्ग में युवान वर्मा ने दिल्ली के दूसरी वरीयता प्राप्त रुद्रांश प्रभाकर को कड़े मुकाबले में 2-11, 11-4, 11-9, 8-11, 12-10 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। खिताब के लिए उनका मुकाबला दिल्ली के शीर्ष वरीयता प्राप्त अगस्त्य उप्पल से होगा। अगस्त्य ने दूसरे सेमीफाइनल में महाराष्ट्र के विराज शिंदे को 7-11, 11-8, 11-9, 7-11, 11-8 से हराया।

अंडर-15 गर्ल्स वर्ग में राजस्थान की दिव्यांशी जैन ने तमिलनाडु की दूसरी वरीयता प्राप्त गुशिका एम को 12-10, 6-11, 11-8, 11-9 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना मध्य प्रदेश की अनिका कलंकी से होगा। अनिका ने दूसरे सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की आशिषा को 11-4, 8-11, 11-7, 11-6 से हराया।

जैन अली और सुभाष चौधरी को कांस्य

अन्य आयु वर्गों के सेमीफाइनल मुकाबलों में राजस्थान के जैन अली को अंडर-13 बॉयज और सुभाष चौधरी को अंडर-19 बॉयज वर्ग में हार का सामना करना पड़ा। जैन अली को कर्नाटक के आर्यन एसके ने 3-0 से, जबकि सुभाष चौधरी को उत्तर प्रदेश के यूशा नफीस ने 3-0 से हराया। दोनों खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिला।

अंडर-13 गर्ल्स में महाराष्ट्र की रिया दलाल और बंगाल की आलिया कांकरिया, अंडर-15 बॉयज में हरियाणा के ध्रुव जौहरी और झारखंड के वेदान्त अग्रवाल, अंडर-17 गर्ल्स में कर्नाटक की रियांशिका वर्मा और मध्य प्रदेश की सानवी कलंकी तथा अंडर-17 बॉयज में महाराष्ट्र के रिधान शाह और तमिलनाडु के शिवेन अग्रवाल ने फाइनल में जगह बनाई।

अंडर-19 गर्ल्स वर्ग में उत्तर प्रदेश की उन्नित त्रिपाठी और महाराष्ट्र की आकांशा गुप्ता खिताबी मुकाबले में पहुंचीं। आयोजन सचिव सुरभि मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को सभी आयु वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। समापन समारोह में राज्य के चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर मुख्य अतिथि होंगे, जबकि राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

रणजी ट्रॉफी : करण लांबा का शतक, राजस्थान मजबूत स्थिति में



जयपुर, 28 अक्टूबर। देहरादून में राजस्थान और उत्तराखंड के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले में राजस्थान ने तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। करण लाम्बा के नाबाद शतक और कुणाल सिंह राठौड़ व सचिन यादव के अर्धशतकों की बदौलत राजस्थान ने दूसरी पारी पांच विकेट पर 290 रन बनाकर घोषित की। राजस्थान ने पहली पारी में 272 रन बनाए थे, जिसके जवाब में उत्तराखंड की टीम 194 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में राजस्थान की ओर से करण लाम्बा ने नाबाद 100, कुणाल सिंह राठौड़ ने 77, सचिन यादव ने 53 और महिपाल लोमरोर ने 45 रन बनाए। उत्तराखंड के मयंक मिश्रा ने तीन विकेट लिए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक उत्तराखंड ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 38 रन बना लिए थे। अंतिम दिन उत्तराखंड को जीत के लिए 331 रन की जरूरत होगी, जबकि राजस्थान को जीत दर्ज करने के लिए उत्तराखंड के सभी 10 विकेट हासिल करने होंगे।

अंडर-23 ट्रॉफीः करण सिंह और मुकुल चौधरी के शतक, राजस्थान के 491 रन





मुंबई के सचिन तेंदुलकर जिमखाना ग्राउंड, कांदिवली में राजस्थान और मुंबई के बीच खेले जा रहे बीसीसीआई अंडर-23 मुकाबले में राजस्थान ने पहली पारी में 491 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। दूसरे दिन करण सिंह और मुकुल चौधरी ने शानदार शतक लगाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। राजस्थान की ओर से करण सिंह ने 127 और मुकुल चौधरी ने 112 रन बनाए। हिमांशु नेहरा ने 62 तथा अंकित कुमार ने 20 रन का योगदान दिया। मुंबई के अभय पटेल ने छह विकेट लिए। जवाब में मुंबई ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में एक विकेट पर 96 रन बना लिए थे। राजस्थान की ओर से हिमांशु नेहरा ने एक विकेट हासिल किया।

अंडर-16 अभ्यास मैचः वशिष्ठ शर्मा और निलय अरोड़ा के शतक

अंडर-16 अभ्यास मैचों के पहले दिन बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। केएल सैनी स्टेडियम में टीम ए ने टीम सी के खिलाफ पहली पारी में आठ विकेट पर 340 रन बनाए। वशिष्ठ शर्मा ने 248 गेंदों पर 25 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 180 रन की शानदार पारी खेली। तनिष्क भारद्वाज ने 42 और सचिन मीणा ने 32 रन बनाए। टीम सी की ओर से यशवर्धन प्रताप सिंह और आदित्य रंगा ने दो-दो विकेट लिए। एम स्क्वायर ग्राउंड पर टीम बी ने टीम डी के खिलाफ पहली पारी में आठ विकेट पर 370 रन बनाए। निलय अरोड़ा ने 245 गेंदों पर 20 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 163 रन बनाए। अनमोल ने 50 और कृष्णा चौधरी ने 43 रन का योगदान दिया। टीम डी की ओर से हर्षित यादव ने तीन विकेट लिए।

अंडर-23 महिला टी-20 अभ्यास मैच : टीम ए ने दर्ज की जीत

आरसीए अकादमी ग्राउंड पर खेले गए अंडर-23 महिला टी-20 अभ्यास मैच में टीम ए ने टीम बी को हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ए ने नौ विकेट पर 99 रन बनाए। याना वर्मा ने 31, नीतू कंवर ने 17 और एंजेल चौधरी ने नाबाद 14 रन बनाए। टीम बी की ओर से यशस्वी कट्टा, निकिता और अंजलि ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम बी 73 रन पर ऑलआउट हो गई। यशस्वी कट्टा ने नाबाद 28 और औली श्रीमाली ने 15 रन बनाए। टीम ए की ओर से सोनम सैनी और विध्या रावत ने दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

// डब्ल्यूपीएल ऑक्शन 2027 //

सोफी मोलिन्यू पर यूपी वॉरियर्स ने खर्च किये 1.10 करोड़, कमलिनी गुजरात से जुड़ी



कोच्चि, 28 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिन्यू महिला प्रीमियर लीग 2027 की नीलामी के शुरुआती दौर में सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा। गुजरात जायंट्स ने भारत की युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज जी. कमलिनी को उनके आधार मूल्य 40 लाख रुपये में अपनी टीम से जोड़ा। मोलिन्यू का आधार मूल्य 50 लाख रुपये था। वह 2024 में खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम का हिस्सा थीं, लेकिन 2026 के सत्र में नहीं खेली थीं। बोली की शुरुआत यूपी वॉरियर्स ने की, जबकि बेंगलुरु ने भी मुकाबले में हिस्सा लिया। एक मिनट से भी कम समय में बोली 95 लाख रुपये तक पहुंच गई। यूपी वॉरियर्स ने एक करोड़ रुपये की बोली लगाई, जिसके जवाब में बेंगलुरु ने 1.05 करोड़ रुपये की पेशकश की। अंततः यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ रुपये की बोली लगाकर मोलिन्यू को अपने साथ जोड़ लिया। बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाज और ऑलराउंडर मोलिन्यू कूल्हे की चोट से उबरने के बाद हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी हैं।

कमलिनी और ओरला गुजरात जायंट्स से जुड़ीं

मुंबई इंडियंस ने नीलामी से पहले कमलिनी को टीम से रिलीज कर दिया था। अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप-2027 के लिए भारतीय टीम की दौड़ में शामिल नहीं होने के बावजूद उनसे बड़ी बोली की उम्मीद की जा रही थी। हालांकि, गुजरात जायंट्स ने उन्हें 40 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीद लिया और किसी अन्य टीम ने उनके लिए बोली नहीं लगाई। मुंबई इंडियंस के लिए कमलिनी का प्रदर्शन अब तक साधारण रहा है, लेकिन वह 2025 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रही हैं। वह भारत की ए टीम, तमिलनाडु की टीम और सीनियर भारतीय टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं। गुजरात जायंट्स ने आयरलैंड की तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर ओरला प्रेंडरगास्ट को भी 30 लाख रुपये में खरीदा।

अभिषेक शर्मा फिर बने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय नंबर वन बल्लेबाज, मार्का यानसन टेस्ट में शीर्ष पर

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक शतक लगाने के बाद आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने टेस्ट गेंदबाजी और ऑलराउंडर रैंकिंग में अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया है। अभिषेक ने मंगलवार को वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में तूफानी बल्लेबाजी की। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने महज 35 गेंदों में शतक पूरा किया और 38 गेंदों पर 113 रन बनाए। उनकी पारी की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज कर श्रृंखला अपने नाम की। इस प्रदर्शन के साथ अभिषेक ने अपने साथी ईशान किशन को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। ईशान ने इस साल जुलाई में आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक से पहला स्थान छीना था। अभिषेक ने पहली बार जुलाई 2025 में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था।

मुशीर खान ने एक ही मैच में शतक और पांच विकेट लेकर रचा इतिहास

मुंबई, 28 अक्टूबर। मुशीर खान ने बुधवार को हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2026-27 मुकाबले में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। वह इस सदी में एक ही प्रथम श्रेणी मैच में शतक लगाने और पांच विकेट लेने वाले मुंबई के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले रवि शास्त्री ने 1990-91 सत्र में मध्य प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। मुशीर के इस प्रदर्शन से मुंबई की टीम मुकाबले में मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। उन्होंने पहले बल्लेबाजी करते हुए 185 गेंदों पर 109 रन बनाए। उनके शतक और अंगकृष रघुवंशी की 180 गेंदों पर 114 रन की पारी की बदौलत मुंबई ने 430 रन बनाए। इसके बाद गेंदबाजी में भी मुशीर ने कमाल दिखाया। उन्होंने 52 रन देकर पांच विकेट झटके, जिससे हरियाणा की टीम लंच तक पांच विकेट पर 191 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। मुशीर भारत के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज सरफराज खान के भाई हैं।

उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट से मुशफिकुर रहीम बाहर

ढाका, 28 अक्टूबर। बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। हालांकि, टीम को उम्मीद है कि वह पांच नवंबर से सिलहट में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट तक फिट हो जाएंगे। मुशफिकुर को मंगलवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अकादमी में अभ्यास के दौरान तर्जनी उंगली में चोट लगी। नेट गेंदबाज की एक गेंद उनकी उंगली पर लगी, जिसके बाद उन्हें दर्द के कारण अभ्यास सत्र छोड़ना पड़ा। यह चोट ढाका के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में श्रृंखला के पहले टेस्ट से एक दिन पहले लगी।

अल्वारेज से संपर्क मामले में बार्सिलोना पर 602 यूरो का जुर्माना

मैड्रिड, 28 अक्टूबर। स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने अर्जेंटीना के स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज से संपर्क करने के मामले में बार्सिलोना पर 602 यूरो का जुर्माना लगाया है। एटलेटिको मैड्रिड की शिकायत के बाद मंगलवार को यह कार्रवाई की गई। एटलेटिको ने आरोप लगाया था कि बार्सिलोना ने अल्वारेज से संपर्क करने से पहले क्लब को लिखित रूप में इसकी सूचना नहीं दी थी। अल्वारेज का एटलेटिको मैड्रिड के साथ अनुबंध जून 2030 तक है। स्पेनिश महासंघ के नियमों के अनुच्छेद 133 के तहत बार्सिलोना पर यह जुर्माना लगाया गया। एटलेटिको ने इस मामले में फीफा से भी शिकायत की थी, लेकिन फीफा ने कहा कि यह मामला उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

अजीम गोल्ड कप : सौलफिल फाइटर और अब्बास क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत

जयपुर, 28 अक्टूबर। रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे अजीम गोल्ड कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सौलफिल फाइटर और अब्बास क्रिकेट अकादमी ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। सौलफिल फाइटर ने भदोरिया क्रिकेट अकादमी को 46 रन से, जबकि अब्बास क्रिकेट अकादमी ने अंकित अग्रवाल अकादमी को 72 रन से हराया।



पहले मुकाबले में सौलफिल फाइटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 201 रन बनाए। राहुल खंडेलवाल ने 94 रन और चिराग शर्मा ने 33 रन की पारी खेली। भदोरिया क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य भट्ट ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भदोरिया क्रिकेट अकादमी की टीम 16.5 ओवर में 155 रन पर सिमट गई। अविनाश शर्मा ने 62 रन बनाए। सौलफिल फाइटर की ओर से मोहम्मद गाजी ने चार और विनय चौधरी ने तीन विकेट लिए। राहुल खंडेलवाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में अब्बास क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 204 रन बनाए। दिव्यांश तंवर ने 43, पुखराज कुमार चौधरी ने 41 और सचिन काकोडिया ने 31 रन का योगदान दिया। अंकित अग्रवाल अकादमी की ओर से हर्ष बेनीवाल ने तीन और अरविंद ने दो विकेट लिए। जवाब में अंकित अग्रवाल अकादमी की टीम 16.3 ओवर में 132 रन पर ऑलआउट हो गई। अंकित अग्रवाल ने 46 और रितिक सिंह ने 36 रन बनाए। अब्बास क्रिकेट अकादमी की ओर से लोकेंद्र चौधरी और प्रिंस सिंह राठौड़ ने तीन-तीन, जबकि कमल डोयल ने दो विकेट लिए। लोकेंद्र चौधरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।